उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, देहरादून

संख्याः– मैमो /परीक्षा–तकनी./2017–18

दिनांकः देहरादूनः 12 नवम्बर, 2017

प्रेस विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आज दिनांक 12–11–2017 को जल विद्युत निगम तथा पिटकुल के लिए तकनीशियन ग्रेड–2 (T.G.-2) के 171 पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। T.G.-2 विद्युत के 132 पदों तथा T.G.-2 यांत्रिकी के 39 पदों के लए देहरादूलन में 5 केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। कुल 4342 अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा में प्रतिभाग करने के लिए प्रवेश पत्र निर्गत किये गये थे।

तकनीशियन ग्रेड–2 विद्युत तथा यांत्रिकी के लिए कुल 4342 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2817 अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा दी गयी। 1525 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। सभी 5 केन्द्रों में लिखित परीक्षा शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुई। इन दोंनों पदो के लिए 2 प्रश्न पत्रों के 8 सेट (एक प्रश्न पत्र के 4 सेट–A,B,C,D) लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों को दिये थे सभी 8 सेटों की 8 Answer Key आज ही सांय 5 बजे आयोग की वैबसाईट www.sssc.uk.gov.in पर जारी कर दी गई है। सभी अभ्यर्थी अपने उत्तरों का मिलान कर सकते हैं तथा यदि प्रश्न पर आपत्ति (प्रत्यावेदन) देना चाहते हैं तो दिनांक 20 नवम्बर, 2017 तक वैबसाईट पर उपलब्ध प्रारूप में अपनी आपत्ति आयोग की ई–मेल chayanayog@gmail.com पर प्रेषित कर सकते हैं। केवल ई–मेल से प्रेषित आपत्तियों पर ही विचार किया जायेगा। दिनांक 20 नवम्बर, 2017 के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

(संतोष बडोनी)

सचिव